Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to expedite Irrigation project for channelizing water of Telhar Kund to Jagdahwah dam in Kaimur district Bihar- Laid.

श्री छेदी पासवान (सासाराम): बिहार के कैमूर जिलान्तर्गत सुअरा नदी के बायां दायां तटबंध पर ग्राम-पड़री-पंचकुइयॉ के पास बाँध बनाकर अधौरा प्रखण्ड के तेलहार कुण्ड से गिरे हुए पानी को जगदहवां बान्ध में गिराने की शीघ्र आवश्यकता है । इस असिंचित एवं पिछड़े क्षेत्र में सिंचाई का एक मात्र श्रोत जगदहवां बान्ध हीं है । इस संबंध में अनेकों पत्राचार द्वारा आग्रह किया गया है जिसके आलोक में मुझे अवगत कराया गया है कि बॉध के निर्माण हेतु कंसल्टेंट की नियुक्ति की जा चुकी है । एस0जी0ई0 कंसलटैनसी को डी0पी0आर0 तैयार कर तीन माह के भीतर समर्पित करना है तथा वन विभाग से अनापति प्राप्त कर एवं भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त कर प्रक्रिया को अंतिम रूप देने की कार्यवाही शुरू की जा चुकी है, परन्तु काफी बिलम्ब के कारण किसानों /लोगों में निराशा नजर आने लगी है । वर्षों से सूखाग्रस्त क्षेत्र को जितना जल्द सिंचाई का साधन/श्रोत उपलब्ध होगा उतना ही किसानों को राहत मिलेगी ।

मेरा विशेष अनुरोध है कि यथाशीघ्र उक्त सिंचाई परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कार्यान्वित करने हेतु जल शक्ति मंत्रालय को निर्देशित करने की कृपा की जाए ।